SHREE VASISHTHA VIDHYALAYA

Hindi 2nd Language 2026-27

Name: - ______________________ **Std.: - V -** ________

Roll No.: - ________ **Revision Worksheet TA1** **Date: -** ________

खंड क

अपठित गद्यांश

महाराणा प्रताप भारत के महान वीरों में से एक थे ।उनका जन्म 1540 को राजस्थान के कुंभलगढ़ में हुआ था। वे मेवाड़ के बहादुर व स्वाभिमानी शासक थे ।उन्हें अपनी मातृभूमि से बहुत प्रेम था । उन्होंने मेवाड़ की आज़ादी और सम्मान की रक्षा के लिए कठिन से कठिन परिस्थितियों का सामना किया। महाराणा प्रताप का जीवन संघर्षों से भरा हुआ था पर उन्होंने कभी हार नहीं मानी। वे मानते थे की मुश्किलें इंसान को कमजोर नहीं,बल्कि और मजबूत बनाती है । महाराणा प्रताप का प्रिय घोड़ा चेतक भी अपनी वफादारी और साहस के लिए जाना जाता है । चेतक ने मुश्किल समय में अपने मालिक का पूरा साथ दिया । महाराणा प्रताप की बहादुरी, मातृभूमि के लिए प्रेम और मजबूत इरादे आज भी लोगों को प्रेरित करते हैं ।

प्रश्न :1 गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखें:

क) महाराणा प्रताप कहाँ के शासक थे ?

महाराणा प्रताप मेवाड़ के बहादुर व स्वाभिमानी शासक थे।

ख) चेतक कौन था ?

चेतक महाराणा प्रताप का प्रिय घोड़ा था।

ग) खाली जगह भरें:-

महाराणा प्रताप का जीवन ---संघर्षों--- से भरा हुआ था ।

घ) विलोम शब्द लिखें:-

जीत ---हार--- गुलामी ---आज़ादी---

ङ) वर्ण विच्छेद करें:-

सम्मान स् + अ + म् + म् + आ + न् + अ

पठित पाठांश

चला गया जो समय लौट कर कभी नहीं फिर आता ,
सदा समय को खोने वाला कर मल मल पछताता।
रहती थी बापू की कटी में ,हरदम घड़ी लटकती ,
उन्हें एक क्षण की भी बर्बादी थी अत्यधिक खटकती।
हो जाता है एक घड़ी के लिए जन्म भर रोना,
समय बहुत ही मूल्यवान है, व्यर्थ कभी मत खोना।

प्रश्न-2 प्रश्नों के उत्तर कम से कम शब्दों में लिखें:

१) कौन हाथ मल-मल कर पछताता है?

सदा समय को खोने वाला हाथ मल-मल कर पछताता है।

२) बापू को क्या खटकता था?

बापू को एक क्षण की भी बरबादी खटकती थी।

३) मूल्यवान किसे कहा गया है?

समय को मूल्यवान कहा गया है।

४) अर्थ लिखें:-

१) बेकार ---व्यर्थ--- २) हमेशा ---हरदम--- ३) कटी ---कमर---

५) जोड़कर लिखो:-

व्+य्+अ+र्+थ्+ अ ---व्यर्थ---

खंड ख (पाठ्य पुस्तक से)

प्रश्न-3 शब्दार्थ

१) स्वास्थ्य ---- सेहत
२) बेधना ---- छेदना
३) कामना ---- इच्छा
४) अत्यंत ---- बहुत अधिक
५) समृद्धि ---- खुशहाली
६) अतिथि ---- मेहमान

प्रश्न-4 सही मिलान करें:

१) नर्तक	क) गोंपा	१- घ
२) दानपुण्य	ख) भौंरा	२- ग
३) श्याम	ग) पंडितजी	३- ख
४) बौद्ध मंदिर	घ) मुखौटे	४- क

प्रश्न-5 किसने , किससे कहा:

१) "अब तो जैसा नचाओगे नाचना पड़ेगा"। ---- सेठानी ने पंडितजी से
२) "चिंता की कोई बात नहीं शास्त्रोमें सब का समाधान है "। ---- पंडितजी ने सेठानी से

प्रश्न-6 वाक्य पढ़कर सही (✓) व गलत (×) का चिह्न लगाएं :

१) फूल सुर-शीश इस पर सोहता है। (✓)
२) लोसर का त्योहार मई महीने में मनाया जाता है। (×)
३) बहू बिल्ली से बहुत चिढ़ती थी। (✓)
४) तवांग में गर्मी ही पड़ती है । (×)

प्रश्न-7 खाली स्थान भरे खाली:

१) फूल सबको ---- खुशियाँ ---- देता है।
२) यहाँ के लोग चाय में नमक और ---- मक्खन ---- डालकर पीते हैं।
३) तवांग का नामकरण 11वीं शताब्दी में ---- मिराक ---- लामा ने किया था ।

प्रश्न-8 एक शब्द में उत्तर लिखें:

१) पोते ने अपने दादाजी को पत्र कहां से लिखा था? ---- तवांग से
२) बहू का नाम क्या था? ---- रूपा
३) तवांग में किस जनजाति के लोग रहते हैं? ---- मोनपा
४) फूल और काँटे को कौन पालता है? ---- पौधा
५) तितलियों के पंखों को कौन कतर देता है? ---- काँटा

प्रश्न-9 सही विकल्प चुनें:

१) प्रकृति फूल और कांटे के साथ कैसा व्यवहार करती है?
क) भेदभाव करती है। ख) एक सा व्यवहार
२) तवांग शहर का नामांकरण किसने किया था
क) मिराज लामा ख) गोंपा ग) मिराक लामा
३) काँटा किसे चीर देता है?
क) वसन ख) उँगलियों को ग) फूलों को
४) कांटा किसका प्रतीक है ?
क) दुर्जन व्यक्ति का ख) सज्जन व्यक्ति ग) फूल
५) तवांग किस राज्य में है?
क) मेघालय ख)मिजोरम ग) अरुणाचल प्रदेश
६) लोसर त्योहार किस महीने में मनाया जाता है ?
क) जनवरी ख) फरवरी ग) मार्च

प्रश्न-10 प्रश्नोत्तर कॉपी में से याद कर लिखें।

१) बहू बिल्ली से क्यों परेशान थी?

२) तितली और भौंरो को फूल और कांटे में से कौन अच्छा लगता है और क्यों ?

३) पंडित जी ने बिल्ली की हत्या का क्या समाधान बताया और क्यों?

४) गोपा की विशेषताएँ बताइए?

खंड ग (व्याकरण)

प्रश्न-11 खाली स्थान भरे:-

१) आदर देने के लिए हमेशा ...बहु... वचन का प्रयोग किया जाता है।
२) समुदाय का बोध कराने वाले शब्द ...समूह... वाचक संज्ञा होते हैं।
३) पानी ...द्रव्य... वाचक संज्ञा का उदाहरण है।
४) वस्तु स्थान या भाव के नाम को ...संज्ञा... कहते हैं।
५) कारक के ...आठ... भेद होते हैं।

प्रश्न-12 सही उद्देश्य और विधेय लिखकर वाक्य पूरे करें:-

१) ...माँ... फ़ोन पर बात कर रहीं हैं ।
२) मामाजी ...आए हैं... ।

प्रश्न-13 दिए गए संयुक्त व्यंजनो से दो दो शब्द बनाएं:-

१) त्य ...त्याग..., ...त्योहार...
२) म्म ...चम्मच..., ...सम्मान...
३) च्छ ...अच्छा..., ...मच्छर...

प्रश्न-14 सही जगह पर रेफ, पदेन लगाकर शब्द लिखें:-

१) मेटो मेट्रो २) दद दर्द ३) सामगी सामग्री

प्रश्न-15 अनुस्वार और अनुनासिक लगाकर शब्द सही करें:-

१) आगन ...आँगन...
२) स्त्रिया ...स्त्रियाँ...
३) पख ...पंख
४) बधन ...बंधन

प्रश्न-16 अर्थ के आधार पर वाक्यों का सहीभेद से मिलान करें

१) भगवान तुम्हें स्वस्थ रखें । क		क) इच्छा वाचक
२) अपना काम जल्दी खत्म करो। ग		ख) निषेध वाचक
३) यहाँ फूल तोड़ना मना है। ख		ग) आज्ञा वाचक

उत्तर → क ग ख

प्रश्न-17 रचना के अनुसार वाक्यों के सही भेद लिखें :-

(सरल वाक्य, संयुक्त वाक्य मिश्र वाक्य)

१) माली ने फूल तोड़े और मालिन ने सुंदर माला दी ...संयुक्त वाक्य
२) मैंने सुना है कि तुम्हारे चाचा जी विदेश गए हैं। ...मिश्र वाक्य
३) बीते दिन नहीं लौटते । ...सरल वाक्य

प्रश्न-18 भाववाचक संज्ञाएं बनाएं।

१) उड़ना ...उड़ान... ३) देना ...देन
२) मीठा ...मिठास... ४) अपना ...अपनापन

क) लिंग बदलें:-

१) मछली ...नर मछली... ३) ऊंट ...ऊँटनी
२) कवि ...कवयित्री... ४) बाबू ...बबुआइन

प्रश्न-19 वचन बदलो:-

१) कथा .... कथाएँ
२) सब्जी .... सब्जियाँ
३) पतंग .... पतंगें
४) चिड़िया .... चिड़ियाँ
५) कछुआ .... कछुए

प्रश्न-20 सही कारक चिन्ह लिखें:

१) कारण .... से
२) संप्रदान .... के लिए
३) अपादान .... से (जुदाई)
४) संबंध .... का, के, की

प्रश्न-21 दिए गए संज्ञा शब्दों के भेद लिखिए:

१) नदी, कक्षा .... जातिवाचक संज्ञा
२) बचपन, भक्ति .... भाववाचक संज्ञा
३) गंगा, बंगाल .... व्यक्तिवाचक

खंड घ रचनात्मकता किसी एक विषय पर संवाद लिखें:-

१) पेन और पेंसिल के बीच

या

१) परीक्षा की तैयारी के विषय में बातचीत करते दो मित्रों के बीच संवाद लिखिए।

पेन - पेंसिल बहन, तुम इतनी छोटी कैसे हो गई?
पेंसिल :- क्या बताऊँ पेन भाई, ये बच्चे मुझे थोड़ी-थोड़ी देर में छीलते रहते हैं। इसलिए मैं जल्दी ही छोटी हो जाती हूँ। पर तुम्हारे मज़े हैं।
पेन :- अरे कहाँ, मुझसे भी तो लिखते रहते हैं।
पेंसिल :- बच्चे तुम्हें बहुत पसंद करते हैं।
पेन :- हाँ, मैं साफ और सुंदर जो लिखता हूँ।
पेंसिल :- गलती होने पर तुम्हारा लिखा हुआ मिटाया नहीं जा सकता।
पेन :- सही कहा, तुम्हारा लिखा सुधारा जा सकता है पर मेरा लिखा हुआ नहीं। तुम चित्र भी तो बनाती हो। बच्चों की पहली साथी तुम ही हो।
पेंसिल :- हम दोनों ही बच्चों के साथी हैं। हमारा काम बच्चों की उनकी मदद करना है।
पेन :- सही कहा तुमने।